Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:04 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:54 बजे



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 92 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 26 सितम्बर 2024

जब डिप्रेशन का शिकार हो गए...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### बनभूलपुरा हिंसा मामले के आरोपी अब्दुल मलिक की बहू के खिलाफ मुकदमा

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा हिंसा के मामले में जेल में बंद अब्दुल मलिक के परिवार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हाल ही में, उनकी बहू आइशा के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली में एक गंभीर मामला दर्ज किया गया है, जिसमें उन पर एक छात्र को कार से कुचलकर मारने का आरोप लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, 17 अगस्त को अंबेडकर नगर वार्ड 27 बरेली रोड निवासी रेखा ने शिकायत की थी कि उनका बेटा भानु सागर डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय की ओर जा रहा था। इसी दौरान आइशा ने तेज रफ्तार से कार चलाते हुए उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। भानु को गंभीर चोटें आईं और दुखद रूप से 19 अगस्त को उसकी मृत्यु हो गई। कोतवाली के प्रभारी राजेश कुमार यादव ने बताया कि आइशा के खिलाफ तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाकर जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस घटना ने मलिक परिवार को और भी मुश्किल में डाल दिया है, क्योंकि उनका बेटा पहले से ही जेल में है, और मलिक की पत्नी को मुश्किल से जमानत मिली है। स्थिति उनके लिए अत्यंत चिंताजनक बन गई है।

### मानहानि मामले में शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत दोषी करार

**नई दिल्ली।** साल 2022 में संजय राउत ने आरोप लगाया था कि भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा किरीट सोमैया का एनजीओ, मुंबई के मीरा भयंदर इलाके में बनाए गए शौचालयों के निर्माण में हुए कथित 100 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल हैं। मानहानि मामले में शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत को दोषी करार दिया गया है। संजय राउत को 15 दिन की जेल और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। संजय राउत के खिलाफ यह मामला भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा किरीट सोमैया ने दायर कराया था।

# 30 तक बिगड़ा रहेगा मौसम, आज कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

आज बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। जबकि देहरादून, हरिद्वार समेत अन्य जिलों में जगह-जगह तीव्र बारिश होने के आसार हैं। कई दिनों से चटक धूप के चलते पड़ रही गर्मी से बुधवार को हुई बारिश ने राहत दी जो आज भी जारी है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार 30 सितंबर तक प्रदेश में विभिन्न जिलों में बारिश की संभावना बनी रहेगी। जबकि आज बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। जबकि देहरादून, हरिद्वार समेत अन्य जिलों में जगह-जगह तीव्र बारिश होने के आसार हैं। देहरादून में कई दिनों से चटक धूप के चलते सितंबर में पिछले कई सालों के तापमान के रिकार्ड टूट गए। लेकिन बुधवार को मौसम ने करवट ली। सुबह से ही आसमान में बादल दिखाई देने लगे। दोपहर करीब एक बजे घनघोर बादल छाने के बाद झमाझम बारिश हुई। करीब दो मिलीमीटर बारिश से मौसम सुहाना हो गया। इससे एक दिन पहले मुकाबले अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 33.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे लोगों ने राहत की सांस ली।



### टिहरी, चमोली में नदियों का जलस्तर बढ़ा

उत्तराखंड में टिहरी, चमोली सहित अलग-अलग जिलों में भारी बारिश से नदियां उफान पर है। नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई जगह भूमि कटाव हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 30 सितंबर तक प्रदेश में विभिन्न जिलों में बारिश की संभावना बनी रहेगी। टिहरी घनसाली में देर रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से एक बार फिर नदियां का जलस्तर बढ़ गया है। आपदा प्रभावित क्षेत्र बूढ़ाकेदार में धर्मगंगा नदी का जलस्तर बढ़ा है, जिससे सड़क खोलने में जुटी पोकलेंड मशीन नदी के बीचो बीच फंस गई है।

भाजपा नेता ने मुझसे कही यह बात

# केजरीवाल का बड़ा आरोप, दिल्ली में काम रोकने को हुई मेरी गिरफ्तारी

**नई दिल्ली**

एजेंसी

दिल्ली की सीएम आतिशी, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सड़क की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर पहुंचे।

दिल्ली में कामों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक्शन मोड में हैं। केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आतिशी के साथ सड़कों का जायजा लिया। वे दिल्ली में युद्ध स्तर पर काम करने की तैयारी में हैं। दिल्ली की सीएम आतिशी, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सड़क की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर पहुंचे। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अभी कुछ दिनों पहले मैं भाजपा के एक नेता से मिला और मैंने उनसे पूछा कि मुझे गिरफ्तार करके क्या फायदा हुआ? उन्होंने बताया कि



इससे दिल्ली सरकार डीरेल तो हो ही गई। केंद्र सरकार द्वारा मुझे गिरफ्तार करने का मकसद ही दिल्ली की जनता के कामों को रोकना था लेकिन दिल्लीवालों को मैं कहना चाहता हूं कि अब मैं बाहर आ गया हूं और जनता के सभी रुके हुए काम तेजी से पूरे कराए जाएंगे।

केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने मुझे जेल भेजकर दिल्ली के काम रोक दिए थे। सड़कें भी खराब हो गईं। उनका यही मकसद था। आज मैंने मुख्यमंत्री आतिशी के साथ दिल्ली यूनिवर्सिटी में एक सड़क का निरीक्षण किया। इस सड़क को भी जल्दी ठीक किया जाएगा, दिल्ली की बाकी सड़कों को भी जल्द ठीक कराया जाएगा। अब मैं वापस आ गया हूं, दिल्ली के लोग चिंता ना करें। दिल्ली के सभी रुके हुए काम कराएंगे।

# हंगामे के साथ शुरू हुई सदन की कार्यवाही, आप का एलजी पर हमला, भाजपा ने किया पलटवार

**नई दिल्ली**

एजेंसी

दिल्ली विधानसभा के दो दिवसीय सत्र का आयोजन आज और कल होगा। आज सदन की शुरुआत हंगामे के साथ हुई। अभय वर्मा, जितेंद्र महाजन, विजेंद्र गुप्ता, समेत सभी विपक्षी विधायकों को सदन से मार्शल आउट किया गया। नेता प्रतिपक्ष और सभी भाजपा विधायक विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। जिसके कुछ देर बाद भाजपा विधायक सदन में आए।

सदन में आप विधायक अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली में सीवर जाम की समस्या के पीछे एलजी जिम्मेदार है। सिविल डिफेंस की नौकरी जाने के पीछे भी वहीं जिम्मेदार है। हमारे गृह मंत्री ने आग्रह किया कि इन सिविल डिफेंस के कर्मचारियों को होम गार्ड के तौर पर भर्ती कर दीजिए। लेकिन इन्होंने ऐसा काम नही किया। वहीं, भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि मार्शल को पक्का करने की योजना सरकार ने क्यों नहीं बनाई। मार्शल को भर्ती करते समय उनकी जांच क्यों नहीं की। पीछे कई वीडियो



आए जो गलत व्यवहार को दिखाते थे। एलजी ने होम गार्ड की भर्ती के लिए वेकेंसी निकाली है। अगर सरकार उनके पक्ष में है तो प्रस्ताव लेकर आना चाहिए।

आप विधायक मदन लाल ने कहा कि दिल्ली में सिविल डिफेंस कर्मी की भर्ती से पहले आधिकारियों ने उनकी जांच की थी। आज तक किसी भी सिविल डिफेंस कर्मी को लेकर कोई शिकायत नहीं मिली। भाजपा के विधायक उनपर सवाल उठा कर उनके चरित्र पर सवाल उठा रहे हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी का पुणे दौरा भारी बारिश के चलते किया रद्द

**मुंबई**

एजेंसी

भारी बारिश के कारण पुणे और पिंपरी चिंचवड़ में स्कूल-कॉलेज बंद रखने का फैसला लिया गया है।

मुंबई पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और मौसम विभाग की तरफ से जारी चेतावनी को गंभीरता से लेने की अपील की है। रेलवे परिचालन भी प्रभावित हुआ है। महाराष्ट्र में भारी बारिश के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना पुणे दौरा रद्द करना पड़ा। दरअसल, महाराष्ट्र के कई शहरों में भारी बारिश के कारण हालात चिंताजनक हैं। सड़कों पर जलभराव के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस बीच पीएम मोदी गुरुवार को राज्य का दौरा करने वाले थे। वे यहां पुणे मेट्रो ट्रेन के शुभारंभ के साथ ही वह 22,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास भी करने वाले थे। हालांकि, बारी बारिश को देखते हुए उन्हें अपना दौरा रद्द करने का फैसला लेना पड़ा।

### स्कूल-कॉलेज बंद रखने का लिया गया फैसला

भारी बारिश के कारण पुणे और पिंपरी चिंचवड़ में स्कूल-कॉलेज बंद रखने का फैसला लिया गया है। मुंबई पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और मौसम विभाग की तरफ से जारी चेतावनी को गंभीरता से लेने की अपील की है। रेलवे परिचालन भी प्रभावित हुआ है। मूसलाधार बारिश के कारण गोवंडी-मानखुर्द के बीच चलने वाली मुंबई लोकल ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ।

# मेडिसिटी अस्पताल में मृतका के परिजन व तीमारदारों का जमकर हंगामा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

मेडिसिटी अस्पताल में एक वृद्धा की मौत के लिए परिजनों और तीमारदारों ने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

अस्पताल के मैनेजमेंट को भी कोसा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद मैनेजमेंट से भी बात की। उत्तरांचल कालोनी किच्छा लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मां चना देवी को आठ दिन पहले मेडिसिटी में वीपी और सुगर की चैक कराने लाया। यहां पर गले में इन्फेक्शन की बात बता भर्ती कर लिया। लक्ष्मण के मुताबिक मां तभी से आईसीयू में भर्ती थी। आरोप है कि आईसीयू में कोई सुविधा नहीं है। बुधवार को हस्ताक्षर कराए कि आपरेशन होना है। आठ दिन से यही हो रहा आज होगा कल होगा। लक्ष्मण सिंह का कहना था कि मां की सुबह करीब तीन बजे मौत हुई और बताया 7 बजे। लक्ष्मण को तीमारदारों ने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। लक्ष्मण सिंह ने 112 पर भी डाक्टर की लापरवाही के चलते मां की मौत की खबर की सूचना दी। इस पर आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी होशियार सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। उन्होंने मैनेजमेंट से बात की। परिजनों का कहना था कि आठ दिन तक भर्ती रही मां, लेकिन किसी भी दिन अपडेट नहीं बताया। पूछने पर ठीक है। बस इतना ही बताया जाता। रात को मौत हो गई, सुबह 7 बजे सूचना दी। गलती होने के बावजूद गलती मानने को तैयार नहीं। चौकी प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच मामला निपट गया। मैनेजमेंट ने भविष्य में तरह की कोई लापरवाही न हो,इसका आश्वासन दिया। इधर अस्पताल के मैनेजमेंट से जानकारी चाही तो उसने से संपर्क नहीं हुआ।

चिकित्सक पर इलाज के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप, मौके पर पहुंची पुलिस



# पानी की टंकी में मिट्टी मिलने पर डीएम खफा

**पिथौरागढ़**
**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने मोस्टमानू स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पेयजल टैंक में मिट्टी पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए तहसीलदार को श्रम एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के माध्यम से संबंधित कंपनी के विरुद्ध चालान की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज के विभिन्न ब्लॉकों के भवनों, परिसर, ग्रीन बेल्ट आदि की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त होने वाली कच्ची सामग्री की गुणवत्ता, मजदूरों की सुरक्षा आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के निर्माण से आंवलाघाट पेयजल योजना की लाइन शिफ्टिंग की जानकारी संबंधित कंपनी के अधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि लाइन को इस तरीके से शिफ्ट किया जाए कि शहर की पेयजल आपूर्ति पर इसका असर न पड़े।



डीएम ने कार्यरत मजदूरों से उनकी समस्याएं जानते हुए प्रयोग में लाई जा रही पेयजल की जांच कराई। जिलाधिकारी ने साइट पर कार्य कर रहे मजदूरों की सुरक्षा के लिए हेलमेट, ग्लब्ज, बूट्स, मॉस्क आदि नहीं होने एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित कंपनी के अधिकारियों को मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था, आवास, पेयजल, शौचालय आदि का विशेष ध्यान रखने के सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने जिला जिला चिकित्सालय में बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए मेडिकल कालेज का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। प्रोजेक्ट मैनेजर पेयजल निगम एवं संबंधित कंपनी के अधिकारियों को आईटीआई डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अप्रेंटिस से जोड़ने के निर्देश दिए। निरीक्षण में सीओ परवेज अली, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरके शर्मा, तहसीलदार विजय गोस्वामी, राजस्व उपनिरीक्षक विजय पंत मौजूद रहे।

**निर्देश**
● संबंधित कंपनी के खिलाफ चालान की कार्रवाई के निर्देश

# विद्यार्थियों ने प्रांतीय बौद्धिक प्रतियोगिता एवं गणित-विज्ञान मेले के आयोजन में प्रतिभाग किया

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

सरस्वती शिशु मंदिर वीरभट्टी दुर्गापुर के 12 भैया बहनों ने विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रांतीय बौद्धिक प्रतियोगिता एवं गणित/ विज्ञान मेले का आयोजन जो सरस्वती शिशु मंदिर जीवन धाम (अल्मोड़ा) में संपन्न हुआ था में प्रतिभाग किया।

विज्ञान प्रश्न मंच बाल वर्ग में भूमिका भट्ट, मानिया बिनवाल तथा गीता नयाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान पत्र वाचन बाल वर्ग में महक नेगी ने प्रांत स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वैदिक गणित प्रश्न मंच शिशु वर्ग में समृद्धि अधिकारी, जयेश डालाकोटी तथा यशस्वी जोशी ने प्रांत स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंताक्षरी की टीम में हीना बिष्ट, ज्योति जोशी एवं योगिता नयाल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बाल वर्ग गणित प्रयोग में ईशान तथा गणित मॉडल में रौनक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीवान सिंह मेवाड़ी तथा प्रबंधन डॉ. सूर्य प्रकाश ने विजेता भैया-बहनों को अपनी शुभकामनाएं प्रस्तुत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय का समस्त आचार्य परिवार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दूसरी ओर संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में सायरा खातून ने बाल वर्ग 400 मीटर रेस में संभाग स्तर पर द्वितीय स्थान व गोला फेंक में भैया यश आर्या ने संभाग स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन कर गौरव बढाया। इस प्रकार अपने विद्यालय को 5 गोल्ड मेडल तथा 5 सिल्वर मेडल तथा 4 ब्रांन्ज मेडल सहित कुल 14 मेडल प्राप्त हुए।



# कोषागार कर्मचारी संगठन की जिला कार्यकारणी का गठन

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

कोषागार कर्मचारी संगठन की बुधवार को हुई बैठक में संगठन की जिला कार्यकारणी का गठन किया गया। नव गठित कार्यकारणी में जिलाध्यक्ष पद के लिए योगेश सिंह, जिला महामन्त्री पद के लिये मोहित कन्याल, जिला उपाध्यक्ष पद के लिये कमल सुनोरी, जिला महिला उपाध्यक्ष पद के लिये नीतू आर्या तथा जिला कोषाध्यक्ष पद के लिये हिमाशुं अधिकारी तथा सम्प्रेक्षक के पद लिये नदीम अंसारी निर्विरोध चुने गये।

चुनाव अधिकारी के रुप में सुधीर पाण्डे, योगेश उप्रेती तथा विपिन चन्द्र जोशी शामिल रहे। मुख्य अतिथि इन्द्र सिंह कोषाधिकारी हल्द्वानी एवं प्रान्तीय महामन्त्री रितेश महरा उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया में सहायक कोषाधिकारी हल्द्वानी अजय कुमार, महेश चन्द्र जोशी सहायककोषाधिकारी (रोकड़) हल्द्वानी भगवत सिंह बोहरा समेत बसंत कुमार जोशी, धीरज चंद्र सनवाल,कु0 आकांक्षा जोशी, सुनील रावत, रणजीत सिंह नेगी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। नव गठित जिला कार्यकारणी द्वारा कोषागार से सम्बन्धित समस्याओं तथा सहायक लेखाकार के पद का वेतनमान ग्रेड वेतन 4600 किये जाने, लेखाकार के पद पर पदोन्नति किये जाने पर ग्रेड वेतन 4800 स्थापित किये जाने ,आईएफ एमएस भत्ता लागू किये जाने एवं बैकों की भॉति चतुर्थ शनिवार को अवकाश घोषित किये जाने सम्बन्ध में प्रयास किये जाने एवं सक्षम स्तर से लागू कराये जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

# एकात्मता मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय: बेला तोलिया

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने जनसंघ के संस्थापक सदस्य दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर कालाढूंगी विधानसभा के बूथ संख्या 172 में घर घर जाकर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया। कैप्टन सुरेंद्र सिंह नगरकोटी के आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने कहा प्रखर राष्ट्रवादी ,अंत्योदय के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता । दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के राष्ट्रजीवन दर्शन के निर्माता माने जाते हैं। उनका उद्देश्य स्वतंत्रता की पुनर्रचना के प्रयासों के लिए विशुद्ध भारतीय तत्व-दृष्टि प्रदान करना था। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद की विचारधारा दी है। हम सबके ऐसे महान प्रेरणाश्रोत महापुरुष को हम सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं

इस दौरान कार्यक्रम में गोविन्द सिंह बरती ,प्रमोद तोलिया ,जगजीत सिंह भुल्लर , गणेश मेहरा , दान सिंह राणा , रंजीत सिंह चमियाल , जगदीश सिंह धनिक , डी एस फर्त्याल समेत स्थानीय जनता मौजूद रही ।



## NEWS / फटाफट

### आधार केंद्रों के निरीक्षण में पाई खामियां

**नैनीताल ।** जिला प्रशासन की टीम ने विभिन्न आधार केंद्रों का निरीक्षण किया तो भारी खामिया सामने आई। कही आधार केन्द्र का पंजीकरण बंद मिला तो कही केंद्र ही निर्धारित समय पूर्व बंद कर दिया गया था। संबंधित केन्द्र संचालक व जिम्मेदारों को नोटिस भेज अनियमितताओं को दूर करने के निर्देश दिए गए है। बुधवार को एसडीएम प्रमोद कुमार ने भीमताल बैंक ऑफ बड़ौदा में स्थापित आधार केंद्र का निरीक्षण किया। जहां केंद्र का पंजीकरण 11 सितंबर से से बंद मिला। हालांकि एक से दस सितंबर तक केंद्र में 152 आधार कार्ड बनाए गए थे। पूछताछ में सामने आया कि इस संबंध में यूआईबीआई को तो मेल कर सूचना दे दी थीए मगर ई. डिस्ट्रिक्ट स्तर पर कोई सूचना नहीं दी गईए जिस कारण आधार कार्ड बनवाने व संशोधन को पहुंच रहे लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। बताया कि उन्होंने तत्काल ई. डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को फोन पर इसे दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। दूसरी ओर नैनीताल में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल की अगुवाई में टीम ने शहर स्थित चार केंद्रों का निरीक्षण किया। वरुणा अग्रवाल ने बताया कि केंद्र को सुबह दस से शाम पांच बजे तक खोले रखने का समय निर्धारित है। समय से पूर्व केंद्र बंद करने पर संबंधित ईकाई संचालकों को नोटिस जारी किये जा रहे है।

### ठेकेदार पर एडवांस रकम लेकर फरार होने के आरोप

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र निवासी एक अधिवक्ता ने निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार पर एडवांस रकम लेकर फरार होने के आरोप लगाए हैं। उसकी ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मल्लीताल निवासी एक अधिवक्ता ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उसे अपने चेंबर के भीतर कुछ निर्माण व अन्य मरम्मत कार्य करवाने थे जिसको लेकर एक ठेकेदार ने उसने मुलाकात की और पूरे कार्य के 1.60 लाख का खर्च होने की बात कही। जिस पर उसने ठेकेदार को 60 हजार एडवांस ऑनलाइन भुगतान भी कर दिए। कुछ दिनों तक काम करने के बाद उसने काम रोक दिया। फ ोन करने पर काम करने में टालमटोली करता रहा। करीब एक माह पूर्व वह उसके चेंबर में ताला लगाकर चला गया। अब उससे संपर्क भी नहीं हो पा रहा है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# तीन उदीयमान खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

भाजपा मंडल नैनीताल की ओर से बुधवार को नैनीताल में प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता एवं पथ प्रदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर नैनीताल नगर के तीन उदीयमान खिलाड़ियों को उनको मिली उपलब्धि पर विशेष रुप से सम्मानित किया गया।

इस दौरान इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी गौरव सिंह नयाल के साथ ही जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियन रही दीपाली थापा तथा ताइक्वाडो प्रतियोगिता में एशियन चैंपियनशिप मेडलिस्ट और कॉमनवेल्थ गेम्स में चैंपियन लतिका भंडारी को सम्मानित किया गया। भाजपाईयों ने कहा कि तीनों ही खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत के बलबूते नैनीताल शहर का गौरव बढ़ाया है। सभी ने उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की। युवा भाजपा नेता अरविंद सिंह



पड़ियार समेत मंडल अध्यक्ष आनन्द सिंह बिष्ट, मिडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत, पूर्व दर्जा मंत्री शांति मेहरा, आशीष बजाज, कलावती असवाल, जीवंती भट्ट, दिपिका बिनवाल, कविता गंगोला, संतोष कुमार,मीरा बिष्ट, ज्योति ढौंडियाल, मनोज कुमार, भारती कैड़ा, अतुल कुमार, संतोष साह,दया किशन पोखरिया, अरुण कुमार, रितुल कुमार तथा हरीश सिंह राणा, नितिन सिंह कार्की, शैलेन्द्र सिंह बिष्ट, राजू सिंह बिष्ट, नवीन जोशी, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, संतोष साह, ललित तिवारी, कैलाश रौतेला,रईस खान, मनोज साह जगाती,विकास जोशी तथा नीमा भंडारी के अलावा रणजीत सिंह थापा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कितना ही बड़ा केस क्यों न हो, यहां आसानी से मिल जाते हैं जमानती

**उत्तरांचल दीप**
**सलीम खान, हल्द्वानी**

**अजब-गजब**
● बनभूलपुरा की एक महिला मोटी रकम लेकर उपलब्ध कराती जमानती

किसी भी केस में गिरफ्तार किए गए मुजरिम को जमानती की जरूरत होती है जिसके बाद ही वह जमानत पर रिहा होता है। इसके लिए कई औपचारिकताएं पूरी करनी होती हैं जिसके बाद आरोपी को जमानत मिल जाती है। ज्यादातर मामलों में मुजरिम की ओर से ही जमानती मुहैया कराए जाते हैं। यह उसके रिश्तेदार हो सकते हैं या फिर दोस्त, या परिजन। लेकिन हल्द्वानी में कुछ अलग ही मामला देखने को मिल रहा है।

वनभूलपुरा थाने में रहने वाली एक महिला हर स्तर के जमानती उपलब्ध करा देती है। इसके लिए उसने अपनी दरें भी निर्धारित कर रखीं हैं। जिला एवं सत्र न्यायालय के बाहर वह महिला सज धज सुबह ही पहुंच जाती है और फिर इसके बाद शुरू होता है जमानती उपलब्ध कराने का खेल। केस कितना ही पेचीदा हो और मामला कितना ही बड़ा क्यों न हो, उसके पास हर मर्ज की दवा उपलब्ध है।

बताया जा रहा है महिला की गई अधिवक्ताओं में भी गहरी पैंठ है जिस कारण से उसे किसी भी तरह की परेशानी भी नहीं उठानी पड़ती। महिला रोजाना कोर्ट परिसर के बाहर बैठ कर अलग-अलग मामलों में पकड़े गए आरोपियों के लिए जमानतियों की व्यवस्था पलक झपकते ही कर देती है। ऐसे में न्यायपालिका जैसी पवित्र जगह पर जिस तरह का खेल खेला जा रहा है, उसने व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# अभिमत

## मानसिक संतुलन खोया

***अमेरिका में भारतीय अमेरिकी समुदाय को सम्बोधित करते हुए राहुल गांधी ने श्रोताओं के बीच बैठे एक सिख से पूछा, 'मेरे पगड़ीधारी भाई आपका क्या नाम है और इसके बाद कहा कि लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं।' कांग्रेस के शासन में सिखों के साथ क्या हुआ था, यह सब जानते हैं। सिख भूले नहीं हैं। राहुल गांधी को सिखों से माफी मांगनी चाहिए। भारत में सिख ही नहीं, कोई भी व्यक्ति कड़ा पहन सकता है। पगड़ी पहनना लोग शान समझते हैं। विवाह समारोह में दूल्हा पगड़ी पहनता है, चाहे वह किसी भी जाति का हो। परिवार के वरिष्ठ सदस्य पगड़ी पहनते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों में पगड़ी पहनाकर अतिथि का सम्मान किया जाता है।***

राजनीति के क्षेत्र में पहचान बनाने में नाकामी से हताश होकर राहुल गांधी बेतुके बयान दे रहे हैं। राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से उलझ गये हैं और वह समझ नहीं पा रहे हैं कि यह कैसे हो गया। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को अकेले दम पर बहुमत नहीं मिला। कांग्रेस की सीटें कुछ बढ़ गईं, हालांकि कांग्रेस सत्ता से बहुत दूर रही। राहुल गांधी की क्षमता पर संदेह होने के कारण कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार में मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाया गया था। राहुल गांधी को मंत्रिमंडल में भी शामिल नहीं किया गया था। राहुल गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। संगठन का काम नहीं संभाल पाने के कारण अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। अस्वस्थ होने के कारण सोनिया गांधी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल नहीं सकती हैं। नेहरू-गांधी के परिवार की पार्टी कांग्रेस का अध्यक्ष पद मजबूरी में मल्लिकार्जुन खड़के को देना पड़ा। राजनीति में परिवार की मौजूदगी बनाये रखने के लिए राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बना दिया गया। सदन के अंदर राहुल गांधी गंभीरता के साथ विपक्ष की भूमिका नहीं निभा पा रहे हैं। सियासत में हाशिये पर पहुंचने से राहुल गांधी खुद मानसिक संतुलन खो चुके हैं और कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से उलझ गये हैं। अमेरिका में भारतीय अमेरिकी समुदाय को सम्बोधित करते हुए राहुल गांधी ने श्रोताओं के बीच बैठे एक सिख से पूछा, 'मेरे पगड़ीधारी भाई आपका क्या नाम है और इसके बाद कहा कि लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं।' कांग्रेस के शासन में सिखों के साथ क्या हुआ था, यह सब जानते हैं। सिख भूले नहीं हैं। राहुल गांधी को सिखों से माफी मांगनी चाहिए। भारत में सिख ही नहीं, कोई भी व्यक्ति कड़ा पहन सकता है। पगड़ी पहनना लोग शान समझते हैं। विवाह समारोह में दूल्हा पगड़ी पहनता है, चाहे वह किसी भी जाति का हो। परिवार के वरिष्ठ सदस्य पगड़ी पहनते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों में पगड़ी पहनाकर अतिथि का सम्मान किया जाता है। यह बात सही है कि पगड़ी पहनना सिखों के लिए अनिवार्य है, लेकिन अन्य लोगों के पहनने पर भी कोई रोक-टोक नहीं है। आज तक भारत में किसी ने सिख को कड़ा और पगड़ी पहनने से रोका नहीं है। राहुल गांधी साम्प्रदायिक दुर्भावना पैदा करना चाहते हैं। राहुल गांधी जमीन से जुड़े नेता नहीं हैं, इसलिए ऐसी बातें करते हैं और हंसी का पात्र बनते हैं। अमेरिका में भारत की छवि खराब नहीं कर पायेंगे, बल्कि लोग उनके बौद्धिक स्तर पर तरस खा रहे हैं।

# रोडवेज की वाल्वो का किराया अधिक बताकर यात्री बैठाते हैं निजी बस वाले

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड परिवहन निगम को रोजाना निजी बस संचालक हजारों का चूना लगा रहे हैं। आलम यह है कि रात में रोडवेज की वाल्वो से यात्री उतारकर निजी बसों में बैठा रहे हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए हल्द्वानी के वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी ने डिपो के सहायक महाप्रबंधक को पत्र भेजकर टीम गठित करने का आग्रह किया है।

वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी की ओर से भेजे गये पत्र में कहा गया है कि शहर के बस स्टेशन के बाहर रात के समय निजी ऑपरेटर वाल्वो बसें खड़ी कर रहे हैं। इन बसों के कर्मी बस स्टेशन में आते हैं और परिवहन निगम की वाल्वो से कम किराया होने का हवाला देकर यात्री उतारकर ले जाते हैं। कुछ दिन पूर्व डिपो कर्मियों ने निजी बस के कर्मी को यात्री ले जाते पकड़ लिया, इस बीच उसके माफी मांगने पर उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। निजी बसों में यात्री ले जाने के कारण निगम को रोजाना आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं दिल्ली आनंद विहार में बसें खड़ी करने के लिए पर्याप्त समय न मिलने के कारण भी निगम की आय काफी प्रभावित हुई है। वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी ने एआरएम से वाल्वो की डग्गामारी रोकने के लिए टीम गठित कर सप्ताह में रात आठ से 12 बजे तक बसअड्डे में अभियान चलाने का आग्रह किया है। इससे निगम की वाल्वो में यात्रियों की संख्या में जहां इजाफा होगा वहीं निगम की आय भी बढ़ेगी।

**डग्गामारी**

- हल्द्वानी के वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी ने डिपो एआरएम को लिख पत्र, कहा-टीम गठित कर सप्ताह में एक दिन चलाएं अभियान

## 15 दिन से नहीं आया पानी, आठ हजार से अधिक लोग प्रभावित

**अल्मोड़ा।** जिले के हवालबाग विकासखंड के चार गांवों में पिछले 15 दिन से पानी नहीं आया है। क्षेत्र के देवली, फड़का, सिमकुड़ी और धारम गांवों में 8000 से अधिक लोग पेयजल के लिए जूझ रहे हैं। खेतीबाड़ी के सीजन में माल गांव देवली, फड़का, सिमकुड़ी, धारम गांवों में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। इससे एक तरफ खेती का कार्य और पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। हाल ये कि पानी की किल्लत के चलते लोग पानी स्टोर भी नहीं कर पा रहे हैं। पूर्व में जो पानी स्टोर किया था वह खत्म हो चुका है। हर दिन ग्रामीणों को प्राकृतिक स्रोतों से जल ढोना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण जगह-जगह पाइप लाइनें क्षतिग्रस्त होने से पानी की आपूर्ति ठप है। ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें रात भी नौलों में गुजारनी पड़ रही है। यहां लगी भारी भीड़ के कारण पानी नंबर से भरना पड़ रहा है।

## मनेरा बाईपास पर भूस्खलन और पानी रिसाव से बढ़ा खतरा

**उत्तरकाशी।** मनेरा बाईपास पर भूस्खलन और पानी के रिसाव से भू-कटाव से खतरा बना हुआ है। मानसून के बाद स्थिति अधिक खराब होने के कारण वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासन और संबंधित विभाग सुधारीकरण के लिए कोई कार्य नहीं कर रहा है। चारधाम यात्रा में महत्वपूर्ण मनेरा बाईपास पर लंबे समय से भूस्खलन सक्रिय होने के कारण वहां पर बड़ा खतरा बना हुआ है। वहीं, अब मानसून के बाद पानी का रिसाव होने के कारण सड़क पर भी भू-कटाव की समस्या बनी है। सड़क पर पानी और उसके कारण सक्रिय कटाव कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकता है। साथ ही भूस्खलन वाले स्थान पर पहाड़ी के भीतर पानी की मात्रा अधिक होने के कारण वहां पर हल्की बारिश में भी पत्थर गिरने का भय बना रहता है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वहां पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाए। क्योंकि गंगोत्री हाईवे पर यातायात का दबाव बढ़ने के बाद चारधाम यात्रा के लिए भी उसके वैकल्पिक मार्ग के रूप में प्रयोग किया जाता है।

# दो वर्ष बीतने पर भी कैंची धाम बाईपास की घोषणा हवाहवाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी की कैंची धाम बाईपास की घोषणा के दो वर्ष बीतने को है पर कुमाऊं और गढ़वाल को जोडने वाले मुख्य राष्ट्रीय राज मार्ग अल्मोडा- बागेश्वर को नित्य कैची धाम में बढ़ती भक्तों की भीड़ से आये दिन कैंची व भवाली में लगने वाले जाम से निजाद दिलाने वाली उनकी इस घोषणा पर धरातल पर काम तो शुरू होना दूर अभी मार्ग निर्माण के लिए क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए भूमि की व्यवस्था तक नहीं हो पायी है।

गौरतलब है की जिला प्रशासन व वोनिवि नैनीताल द्वारा इस महत्वपूर्ण कैंची बाई पास के निर्माण के लिए क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए ब्लाक बेतालघाट के पट्टी मल्ली कोश्या तहसील बेतालघाट के ग्राम कोरड में नोन ज्येड क्षतिपूरक वृक्षारोपण का भी प्रस्ताव तैयार किया गया मगर अभी तक ये भूमि जो वन प्रभाग अल्मोड़ा के अंतर्गत आती है इसका आज तक वन विभाग व जिला प्रशासन व लोनिवि नैनीताल के बीच संयुक्त निरीक्षण तक की कार्यवाही तक अमल में नहीं लायी गयी है। इन हालातों में कुमाऊं गढ़वाल को जोडने वाले अल्मोड़ा बागेश्वर मार्ग में भवाली व कैंची धाम में नित्य लगने वाले घंटों की जाम से नित्य जाम की समस्या के जूझ रहे हजारों यात्रियों को कब जाम की समस्या से निदान मिलेगा यह होता नहीं दिखायी दे रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कैंची धाम को लेकर देखी गयी आस्था ओर ओर वर्तमान में कुमाऊं के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के रूप में देश के साथ ही विदेशों से भी जाम की समस्या से जूझते हुए कैंची धाम भक्तों के बीच भी मुख्यमंत्री धामी की इस महत्वपूर्ण घोषणा को लेकर सवाल उठने लगे। भवाली नगर पालिका परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष संजय वर्मा ने प्रदेश के मुख्य सचिव तथा सचिव लोक निर्माण उत्तराखंड शासन देहरादून व प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग अल्मोड़ा को पत्र भेज कर कैंची धाम भवाली के महत्वपूर्ण बाई पास निर्माण के लिए क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए यथाशीघ्र भूमि की व्यवस्था करने की मांग की है ताकि उक्त कार्यवाही के उपरांत लोनिवि की निविदा के उपरांत धरातल पर कार्य शुरू हो सके। कहा है कि भवाली-हल्द्वानी वर्तमान में भवाली सैनिटोरियम से भवाली गांव चौरसा तक लगभग 10 किमी के बाई पास के साथ भवाली मुख्य चौराहे से अल्मोड़ा राजमार्ग की ओर भवाली शमशान घाट के समीप भवाली बाईपास को एन एच मार्ग से जोडने वाले पुल का कार्य गतिमान है मगर कैंची धाम के लिए अति महत्वपूर्ण भवाली गांव चौरसा से रातीघाट की ओर लगभग 12 किमी का जो मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 26 मई 2023 के तहत प्रस्तावित कैंची धाम बाईपास निर्माण के लिए घोषणा के दो वर्ष बिताने को है मगर इन दो वर्षों में इसके निर्माण के लिए क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए भूमि तक व्यवस्था नहीं हो पायी है। कहा कि भवाली - हल्द्वानी जल्द ही इस महत्वपूर्ण कैंची बाई पास के निर्माण कै लेकर वे स्वयं प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा से क्षतिपूरक वृक्षारोपण करने लिए भूमि के संयुक्त निरीक्षण की कार्यवाही का निवेदन करने करने के उपरान्त देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर यथास्थिति से अवगत कराते उनकी इस जनहित की घोषणा को जल्द धरातल पर शुरू करवाने की मांग करेंगे ।

# फिल्मी दुनिया

## जब डिप्रेशन का शिकार हो गए थे जूनियर एनटीआर



*जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म देवरा भाग-एक को लेकर लगातार चर्चा में हैं। इस फिल्म से वह दो साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। यही वजह है कि फैंस को उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म की रिलीज से पहले आज के थ्रोबैक थर्सडे में हम आपको उनसे ही जुड़ी बात बताने जा रहे हैं। जूनियर एनटीआर की गिनती तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में होती है। हालांकि, आपको जानकर हैरानी होगी कि उनके करियर में एक ऐसा समय भी आया था जब वह डिप्रेशन में आ गए थे। इस बात का खुलासा उन्होंने आरआरआर के प्रचार के दौरान एक साक्षात्कार में किया था। उन्होंने उस बातचीत में बताया था कि जब उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर नहीं चलीं तो वह डिप्रेशन का शिकार हो गए थे। उस समय को याद करते हुए अभिनेता ने कहा था, कुछ फिल्में नहीं चलीं तो मैं डिप्रेशन में चला गया था। इसलिए नहीं कि फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं, बल्कि मैं एक अभिनेता के तौर पर उलझन में था, क्योंकि मुझे नहीं पता था कि मुझे क्या करना चाहिए। अभिनेता ने आगे इस बातचीत में बताया कि उस समय उन्होंने सिनेमा में नाम कमाना शुरू कर दिया था, लेकिन फिर भी उन्हें संदेह था कि वह और कितना सफल हो पाएंगे, क्योंकि हमेशा ही उनके मन में असफल होने का डर बना रहता था। जूनियर एनटीआर को डिप्रेशन से बाहर आने में फिल्मकार एस एस राजामौली ने भी अहम भूमिका निभाई है। अभिनेता के मुताबिक राजामौली ही वह व्यक्ति थे जिन्होंने उनके जीवन और करियर में आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।*

### वर्क फ्रंट की बात

*वर्क फ्रंट की बात करें तो देवरा के बाद वह वॉर 2 में नजर आने वाले हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी भी हैं। फिल्म को अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी चल रही है। फिलहाल यह फिल्म अभी शूटिंग के चरण में है।*

# आरोप: बल्यूटी गांव में जल जीवन मिशन योजना के कार्यों में लापरवाही

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

ग्राम सभा बल्यूटी में जल जीवन मिशन योजना के कार्यों में अनियमितता की शिकायत जिलाधिकारी से की गई है।

जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में कहा गया है कि ग्राम सभा बल्यूटी में सरकार जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल हर घर जल के तहत कार्य करवा रही है। ग्रामीणों ने संबंधिता जेई व ठेकेदार पर काम में लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इससे ग्रामीणों के साथ ही सरकार को भी नुकसान हो रहा है। गांव में मानक के अनुरूप खुदाई नहीं की जा रही है और न ही पाइपों की खरीद की गई है। उन्होंने जिलाधिकारी से गांव का निरीक्षण कर योजना के कार्यों की समीक्षा करने की मांग की है।

ज्ञापन में दीपक बल्यूटिया, हरीश चंद्र बल्यूटिया, विपिन तिवारी, भाष्कर बल्यूटिया, रेनू बल्यूटिया, दयानंद तिवारी, रवि तिवारी, कैलाश चंद्र तिवारी, प्रकाश चंद्र, दिवेश तिवारी, एनडी तिवारी, भुवन चंद्र आदि के हस्ताक्षर हैं।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी
दूरभाष कार्यालय/फैक्स : 05946-220776 ई-मेल : eeujshld@gmail.com
पत्रांक : 28/0/निविदा/1/1 निविदा शुद्धि पत्र दिनांक : 24.09.2024
एतद्द्वारा इस कार्यालय के पत्रांक– 2738/निविदा/167 दिनांक 12.07.2024 द्वारा निविदा आमंत्रित की गयी थी। अपरिहार्य कारणों से निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 26.09.2024 सांय 5.00 बजे तथा निविदा जमा करने की तिथि दिनांक 27.09.2024 सांय 3.00 बजे व खोले जाने की तिथि दिनांक 27.09.2024 सांय 3.30 बजे निर्धारित की जाती है।
"जल संचय–जीवन संचय"
अधिशासी अभियन्ता।

## News कॉर्नर

### पार्किंग से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज, घटना के 18 दिन बाद दर्ज हुआ मामला

**रुद्रपुर।** विशाल मेगा मार्ट की पार्किंग से बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने बाईक स्वामी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दरियानगर निवासी अमन कश्यप पुत्र नरेश ने पुलिस को बताया कि वह दरिया नगर का निवासी है। उसका ऑफिस विशाल मेगा मार्ट रुद्रपुर में है । 7 सितंबर 24 दोपहर दो बजे अपना वाहन संख्या यूके 06,एवी 5039 से ऑफिस गया और वाहन को मेगा मार्ट में स्थित पार्किंग में खड़ा कर ऑफिस में चला गया था। करीब 5 बजे ऑफिस से घर जाने के लिए पार्किंग में गया तो वहां पर वाहन मौजूद नही था। उसने वाहन की काफी खोजबीन की, कहीं भी पता नहीं चला।

### सड़कों पर गड्ढों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**हल्द्वानी।** एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल्स के प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आज एक ज्ञापन जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला निर्वतमान महापौर नगर निगम काठगोदाम महोदय को प्रेषित किया गया। ज्ञापन में शिवम सिंह ठाकुर ने कहा कि काठगोदाम, कठघरिया बायपास रोड में काफी गड्ढे हो जाने के कारण काफी समय से दिक्कतें हो रही है। आये दिन दुर्घटनायें हो रही है तथा गड्ढों में पानी भरने के कारण सब्जी, फल, वह अन्य सामग्री के ठेले भी गिर जाते हैं। जिससे काफी नुकसान हो जाता है। सड़कों में काफी लंबे समय से गड्ढे बने हुए हैं। राहगीरों को भी निकलने में काफी दिक्कतें हो रही है। ज्ञापन देने वालों में रोहित दिवाकर, शिवम सिंह ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल, लक्ष्मी नारायण,शशि गुप्ता, दीपा पांडे थे।

# तीन दिवसीय कुमाऊं भ्रमण पर नैनीताल पहुंचे डीजीपी, नयना देवी मंदिर में पूजा अर्चना की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार बुधवार की शाम तीन दिवसीय कुमाऊं भ्रमण के तहत नैनीताल पहुंचे । उन्होंने शाम को मां नयना देवी मंदिर में पूजा अर्चना की । वे कल ( आज ) नैनीताल व उधमसिंहनगर की कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे । जबकि शुक्रवार को अल्मोड़ा-बागेश्वर की समीक्षा होगी । शनिवार को वे पी ए सी रुद्रपुर का निरीक्षण करेंगे। नयना देवी मंदिर में पत्रकारों से वार्ता में डी जी पी ने कहा कि वे डी जी पी का चार्ज लेने के बाद पहली बार कुमाऊं दौरे पर हैं । क्योंकि लोक सभा चुनाव,चार धाम यात्रा,मानसून सीजन





में दैवीय आपदाओं के कारण वे यहां नहीं आ सके थे और अब कुमाऊं के कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं। डीजीपी ने बताया कि राज्य में वर्तमान में पुलिस में करीब 28 हजार पद स्वीकृत हैं । लेकिन इनमें से 4 हजार से अधिक पद रिक्त हैं । इन रिक्त पदों को भरने के लिये भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई है और एक से सवा साल के भीतर रिक्त पद भर लिये जाएंगे । उन्होंने कहा कि ये स्वीकृतियाँ वर्तमान आबादी के मुताबिक कम हैं जिसमें बढोत्तरी का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा । उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याएं जानने के लिए पुलिस सम्मेलन का भी आयोजन किया है जहां सभी लोग अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे।भ्रमण के दौरान जनता के साथ मुलाकात कर उनकी समस्याओं को भी जानेंगे। डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कुमाऊं का क्षेत्र पर्यटन तीर्थाटन और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है। इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी। नैनीताल पहुंचे डीजीपी ने कहा कुमाऊं नेपाल और चीन अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगा हुआ है ऐसे पुलिस केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ मिलकर लगातार निगरानी कर रही है ताकि किसी प्रकार की अवांछित घटना न घाट सके।

उत्तर प्रदेश के आईएएस अधिकारी के घर 50 करोड़ की चोरी मामले में डीजीपी का कहना है केवल मीडिया के माध्यम से चोरी की जानकारी उन तक पहुंची है। फिलहाल किसी प्रकार की कोई शिकायत उन तक नहीं पहुंची है अगर कोई शिकायत पहुंचेगी उसी के आधार पर कार्रवाई होगी। इससे पूर्व डी आई जी कुमाऊं डॉ. योगेंद्र रावत,एस एस पी प्रह्लाद नारायण मीणा व अन्य ने उनकी आगवानी की।

# किसान से बेटा जेल में बंद होने और उसे छुड़ाने के नाम से लाखों की ठगी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

अज्ञात व्यक्ति ने एक किसान से फोन कर उसका बेटा जेंल में बंद होने और उसे छुड़ाने के नाम पर ढ़ाई लाख रूपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आवास विकास कालोनी निवासी केवल कृष्ण बंसल ने कहा है कि वह अपने फार्म मे खेती का कार्य करता है। उसका बेटा पंकज बन्सल अपनी कंपनी के कार्य को माह जुलाई 2024 में दुबई गया हुआ था। जिसकी 5 अगस्त की रात को भारत वापसी थी। पीड़ित के मुताबिक 5 अगस्त को सुबह उसके मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि वह दुबई से इन्सपेक्टर





बोल रहा है। बाद में उसने बेटे के बारे में पूछा तो उसे बताया कि बेटा नॉयेडा में है। उसने कहा कि तुम्हारा बेटा दुबई में है। लड़के कार से कही घूमने जा रहे थे। एक लड़का गोरा कार के नीचे आ गया। जो आईसीयू में भर्ती है। बेटा जेल में है। बेटे को छुड़वाने के एवज में उसने दो लाख पचास हजार की डिमांड की और कहा कि लड़के पर कोई केस नही बनने दूंगा।

बताया कि वह घबरा गया और उसने अपने लड़के को बचाने के लिए ढ़ाई लाख रूपये बताए गए नंबर पर जमा कर दिये। कुछ देर बाद उसने अपने बेटे पंकज बंन्सल से बात की तो बेटे ने किसी भी तरह का एक्सीडेंन्ट होने से मना कर दिया। इसके बाद केवल कृष्ण को धोखाधड़ी होने की संदेह हुआ। बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए उसके बेटे के नाम से ब्लैकमेल करते हुए ढ़ाई लाख की।

पीड़ित के मुताबिक बलिया ब्रांच में 150000 रूपये होल्ड रखा हुआ है। पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**ठगी**

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की
- पीड़ित के मुताबिक बलिया ब्रांच में 150000 रुपये होल्ड रखा है

# भूरारानी में दबंगों ने युवक पर की फायरिंग,बाल-बाल बचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र भूरारानी में युवक पर फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया है कि। हालांकि युवक बाल बाल बच गया और पुलिस के पहुंचने से पहले फायरिंग के आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने युवक से घटना की जानकारी ली।

जानकारी के मुताबिक बुधवार रात करीब 11 बजे भूरारानी में फायरिंग की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल की। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही फायरिंग करने वाले भागने में सफल हो गए। पुलिस के मुताबिक भूरारानी निवासी गोलू पासवान का गांव के ही कुछ युवकों से विवाद हुआ। इस पर उक्त लोगों ने गोलू पर तावड़ तोड़ फायरिंग कर दी। युवक बाल बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गोलियों की तड़तड़ाहट से गांव में दहशत फैल गई। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि भूरारानी में फायरिंग की सूचना पुलिस को मिली थी।

सूचना पर ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। फायरिंग करने वाले फरार है। तलाश की जा रही है। तहरीर मिल गई है, पुलिस मुकदमा दर्ज कर रही है।

**दबंगई**

- पुलिस के पहुंचने से पहले फायरिंग के आरोपी फरार, तहरीर पुलिस को दी

### कोतवाल और सीओ का फोन रिसीव नहीं हुआ

बुधवार रात को भूरारानी में हुई फायरिंग की सूचना के मामले में जानकारी के लिए सीओ सिटी से संपर्क किया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। कोतवाल का भी फोन नहीं उठा।

# जसपुर क्षेत्र में फिर हुई पुलिस - बदमाश के बीच मुठभेड़, एक बदमाश के पैर में लगी गोली

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

ऊधमसिंहनगर पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में लूट, डकैती के विभिन्न मामलों में आरोपी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा पहुंचे। उन्होंने बदमाश से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक घायल बदमाश साजिद उर्फ काला के खिलाफ यूपी के कई जिलों में संगीन धाराओं में मुकदमें दर्ज है। साजिद पर जसपुर में 14 सितंबर को एक लूट की घटना में शामिल था। बदमाश यूपी के जिला रामपुर थाना टांडा बदली का निवासी है। देर रात पुलिस की चैकिंग के दौरान बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में बदमाश साजिश गोली लगने से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर एसएसपी समेत अन्य पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल बदमाश से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक बदमाश के पास से एक तमंचा 315 बोर,एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस,घटना में प्रयुक्त बाईक बरामद हुई। एसएसपी ने बताया कि बदमाश साजिद का आपराधिक रिकॉर्ड है। 15



**मुठभेड़**

- एसएसपी के एक्शन के चलते अपराधियों में हड़कंप
- घायल बदमाश के खिलाफ यूपी के कई जिलों में दर्ज संगीन धाराओं में मुकदमें

मुकदमें दर्ज है साजिद के खिलाफ। बता दें कि मंगलवार की रात भी जसपुर में पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हुआ था। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लूट की घटना में शामिल अभी एक बदमाश और फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस का दावा बदमाश जल्दी ही पुलिस शिकंजे में होगा।

### 84वें दिन भी जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लेकर चलाया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत आंदोलन बुधवार को 84वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी ने कहा कि निगम कर्मचारियों ने आज भी विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया इसी क्रम में उनके नेतृत्व में पिथौरागढ़ में धूसाखान शिव मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। महासंघ जिला अध्यक्ष महेश कुमार दास के नेतृत्व में जनपद बागेश्वर में बृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया।

# मां वैष्णो दरबार यात्रा पहुंची नैना देवीजी, भक्तों ने दर्शन किये

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रुद्रपुर से पिछले दिनों रवाना हुई 33 वी माँ वैष्णो दरबार यात्रा दूसरे दिन चंडीगढ़ पंचकूला मनसा देवी पहुंची। यहां पर मनसा देवी के दर्शन के बाद दोपहर हिमांचल प्रदेश में माँ नैना देवी जी के दर्शन किये।

यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल ने ध्वज और चुन्नी चढ़ाई। गयी यहां से सभी भक्त नाचते गाते हुए माँ के दरबार पहुँचे। उन्होंने सबने माँ नैना देवीजी के दर्शन किये। इस यात्रा में महंत राजीव ठक्कर,किशन मेहता ,पवन गाबा पल्ली ,काका नारंग , मोहित बत्रा, विक्की



कक्कड़ ,किशन सुखीजा,अमित दुआ,रजनी बत्रा ,साक्षी बत्रा,रीता मेहता ,गीता सुखीजा, ब्रजपाल सिंह,एकता दुआ ,ओम वीर शर्मा , सहित आदि भक्त थे। इधर दुर्गा यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल और पवन गाबा पल्ली ने बताया की इस वर्ष की वैष्णो दरबार यात्रा रुद्रपुर के दुर्गा मंदिर में 2 अक्टूबर को माँ ज्वाला जी की पवित्र ज्योति लेकर वापिस रुद्रपुर पहुचेगी।

# यातायात बाधित कर रहे ई रिक्शा चालक को पकड़ा तो साथियों के साथ किया हंगामा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

किच्छा बाई पास रोड रोडवेज बस अड्डे के सामने सवारियां भरने की कोशिश में यातायात बाधित करते ई रिक्शा चालक को ट्रेफिक पुलिस और सीपीयू ने टोका। इस पर उसने उत्पीड़न का आरोप लगाकर साथियों के साथ हंगामा खड़ा कर दिया। सड़क को जाम करने की कोशिश की गई। सीपीयू की सख्ती के चलते ई रिक्शा चालक हंगामा करने के बाद वहां से गायब हो गया। बुधवार को रोडवेज बस अड्डे के सामने किच्छा बाईपास रोड पर एक ई रिक्शा चालक यातायात बाधित कर रहा था। वहां पर यातायात कर्मी चालक को ई रिक्शे के साथ इंदिरा चौक ले जा रहा था। इस



दौरान चालक ने गरीबी और तीन दिन पहले हुए चालान का हवाला दिया तो उसे छोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि बाद में वह रोडवेज बस अड्डे पर आया और दूसरे चालकों के साथ हंगामा खड़ा कर दिया। चालकों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। वहां पर सीपीयू प्रभारी राकेश बिष्ट सहित यातायात कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए पाठ पढ़ाया। सीपीयू इंचार्ज के मुताबिक चालकों को भड़ाने वाले चालक पर पंतनगर, रुद्रपुर सहित कई थानों में आपराधिक केस दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि सीपीयू इंचार्ज की सख्ती के बाद चालक वहां से गायब हो गया। पुलिस सूत्रों की मानें तो उक्त चालक पर सिडकुल में चैकिंग के दौरान एक दरोगा को टक्कर मार कर घायल करने का भी आरोप है।

### जाम लगाने की कोशिश करने वालों होगी जांच

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि रोडवेज के पास सवारी बैठाने को लेकर ई रिक्शा चालक जाम लगाने वाले ई रिक्शा चालकों की जांच की जायेगी।